an>

Title: Need to include people belonging to Scheduled Caste Bengali community living in Uttarakhand and Uttar Pradesh in the list of Scheduled Castes.

श्री भगत सिंह कोश्यारी (नैनीताल - उधम सिंह नगर): उत्तराखंड / उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में पूर्वी बंगाल से बहुत बड़ी संख्या में विस्थापित बंगाली आकर बसे हैं। उनमें से अधिकांश बंगाली नमो, शूद्र या पौण्ड जाति के अनुसूचित हैं। ये विश्वास, मंडल, सरकार, हलधर आदि उप जातियों में विभक्त हैं। इन सभी की मांग है कि इन्हें नमो, शूद्र अनुसूचित जाति का दर्जा प्रदान किया जाए। उत्तराखंड सरकार ने पूर्व में इस संबंध में विधान सभा से एक प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा है, अभी तक इन जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं मिला।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में निवास कर रहे उक्त बंगालियों को अनुसूचित जाति में सम्मिलित किया जाए।